सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 100 | इंदौर, शनिवार 25 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline



1. Chhath Mahaparva 2025: नहाय-खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ



2. दिल्ली की हवा कब होगी साफ!: आज भी धुंधला-धुंधला आसमान, आनंद विहार में एक्यूआई 412



3. Bangladesh: चुनाव की तारीखों का जल्द हो सकता है एलान, निर्वासित बीएनपी नेता तारिक रहमान जल्द लौटेंगे स्वदेश



4. UN: 'अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करे पाकिस्तान', यूएन में गूंजा पीओके का मुद्दा

● सीएम ने बिहार में एनडीए के लिए मांगे वोट, बोले-

# आपके हाथ में सुदर्शन चक्र है, हिसाब का यही समय है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार चुनाव प्रचार किया। उन्होंने शुक्रवार को बगहा, सहरसा और सिकटा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और महागठबंधन पर तीखे प्रहार किए। सीएम यादव ने कहा कि अब जनता के हाथ में सुदर्शन चक्र है, यह समय है हिसाब चुकता करने का। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिहार में कांग्रेस शासन के दौर में हालात इतने खराब थे कि लोग सूर्यास्त से पहले घर लौट जाते थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार और पूरा देश बदल रहा है। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस देश और विदेश दोनों जगह भारत का अपमान करती है। उनके नेता सैनिकों के पराक्रम पर सवाल उठाते हैं। राहुल गांधी को शर्म आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब जनता को तय करना है कि वह महागठबंधन (या कहें "महाठगबंधन") के साथ है या विकास के रास्ते पर चलने वाले एनडीए के साथ। यादव ने कहा कि बिहार की धरती ने हमेशा देश को दिशा दी है यही धरती है, जहां से आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और वैज्ञानिक बड़ी



संख्या में देश की सेवा करते हैं। सीएम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" मंत्र ने लोकतंत्र को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि मैं खुद इसका उदाहरण हूं न मेरे परिवार में कोई विधायक रहा, न सांसद, न मंत्री, फिर भी मुझे मुख्यमंत्री बनाया गया। यही असली लोकतंत्र है।

कांग्रेस पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती रही है नेहरू, इंदिरा, राजीव, सोनिया और राहुल गांधी तक। दूसरी ओर भाजपा में गरीब चायवाला प्रधानमंत्री बनकर देश का गौरव बढ़ाता है। धार्मिक भावनाओं को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि "बिहार का भगवान श्रीराम से खास संबंध है, क्योंकि वे बिहार के दामाद हैं।" उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने श्रीराम मंदिर निर्माण का हर स्तर पर विरोध किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही यह सपना साकार हुआ और आज श्रीराम अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सुदामा की तरह अपने मित्रों और गरीबों का सम्मान और सहयोग करना ही सच्चा धर्म है। अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि वे एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से जीताकर मोदी के नेतृत्व को और मजबूत करें।

# इंदौर में बनी दो दवाएं केंद्र की जांच में अमानक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की 2 कंपनियों की 2 दवाएं जांच में अमानक पाई गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने देशभर की 112 दवाओं के सैंपल सितंबर में लिए थे। जिसकी जांच रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है।**

इन अमानक दवाओं में हार्ट, ब्रेस्ट कैंसर, गैस्ट्रो, दर्द निवारक, कैल्शियम और पेट दर्द जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 49 सैंपल हिमाचल प्रदेश के दवा उद्योगों में बनी दवाओं के हैं। सीडीएससीओ की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमानक



दवाएं भारतीय फार्माकोपिया (आईपी) और पीएच मानकों के अनुरूप नहीं बनाई गईं। रिपोर्ट के अनुसार, खराब गुणवत्ता वाला कच्चा माल, निर्माण प्रक्रिया में लापरवाही और तय तापमान पर दवाओं का स्टोरेज न होना इन दवाओं के फेल होने की प्रमुख वजहें हैं। इंदौर की McW हेल्थकेयर लिमिटेड की जिंक सल्फेट डिस्पर्सिबल टैबलेट 20 एमजी दवा का सैंपल फेल मिला है। यह दवा शरीर में जिंक की कमी को पूरा करने के काम आती है। पूरक के रूप में या गलत इस्तेमाल से पेट दर्द, वमन, सिरदर्द और थकान के लक्षण दिखते हैं। इसे कंपनी सांवेर रोड इंडस्ट्रियल के सेक्टर ई एरिया में बनाती है। सीडीएससीओ ने इसका सैंपल हिमाचल के बद्दी से लिया था। फेरस सल्फेट और फोलिक एसिड टैबलेट का मुख्य उपयोग आयरन और फोलिक एसिड की कमी के कारण होने वाले एनीमिया (खून की कमी) के इलाज और रोकथाम के लिए किया जाता है। यह टैबलेट आयरन और विटामिन B9 (फोलिक एसिड) की कमी को पूरा करती है। यह शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्व है। यह आमतौर पर गर्भवती महिलाओं को दी जाती है। यह टैबलेट गर्भावस्था के दौरान इस कमी को पूरा करती है और न्यूरल ट्यूब दोष (एनटीडी) नामक गंभीर जन्म दोषों को रोकने में मदद करती है। यह दवा जेनिथ ड्रग्स लिमिटेड द्वारा इंदौर के धार रोड स्थित कलारिया इंडस्ट्रियल एरिया में बनाई जाती है। सीडीएससीओ ने इसका सैंपल मेघालय से लिया था।

# जिले में किसानों की खुशहाली की भावांतर योजना की उत्सवी माहौल में हुई शुरूआत

## पहले ही दिन बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साह के साथ बेची अपनी सोयाबीन की उपज - किसानों का किया गया स्वागत-सत्कार

● मंत्री श्री सिलावट, कलेक्टर श्री वर्मा ने खरीदी केन्द्रों पर पहुँचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित दाम दिलाने के लिए आज से राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। पहले ही दिन इस योजना के प्रति किसानों का भारी उत्साह सामने आया। बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में पहुँचे। मंडियों में उत्सवी माहौल में इस योजना की शुरूआत की गई। अपनी उपज लाने वाले किसानों का तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। किसानों के लिए भोजन और स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। किसानों के चेहरों पर खुशियां देखी गई। किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर लागू योजना को किसान हितैषी बताया और सराहना की।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण लक्ष्मीबाई मंडी पहुँचे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री पंवार नवजीवन विजय, श्री रोशन राय भी मौजूद थे। मंत्री श्री सिलावट तथा कलेक्टर श्री वर्मा ने मंडी में आने वाले किसानों का तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने किसानों से चर्चा भी की। उन्होंने किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इस अवसर पर बोली लगाकर उपज खरीदी की शुरूआत की गई। सर्वाधिक बोली 4775 रुपये की रही।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि जिले में किसानों के लिए सभी जरूरी इंतजाम मंडियों में किए गए है। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। मंडियों में किसानों की उपज की समय पर तुलवाई, समय पर भुगतान, बैठने के लिए छायादार स्थान, शयन, भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

अपनी उपज लाने वाले रतनखेड़ी के किसान श्री कृष्णा जाधव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के हित की है। मंडी में बेहतर व्यवस्था की गई है। हमें बेहतर दाम मिल गए हैं। भावांतर योजना का लाभ भी मिलेगा। ऐसे ही कुछ विचार सनावदिया में रहने वाले किसान श्री उमेश घनश्याम, बसान्द्रा के अमन ने भी व्यक्त किये। इन सबने भावांतर योजना को किसान हितैषी बताया। उन्होंने बताया कि मंडी में बेहतर व्यवस्था है। हमारी उपज की समय पर बिक्री हो गई। किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित दाम दिलाने के लिए आज से राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत किसान अपने नजदीकी मण्डी/उपमण्डी में जाकर फसल विक्रय कर सकेंगे। उपज विक्रय के लिए किसानों को भावान्तर का पंजीयन क्रमांक रसीद और अपना आधार कार्ड लेकर जाना अनिवार्य है। खरीदी केन्द्रों पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 15 जनवरी 2026 तक चलेगा। सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की गई है। योजना के तहत सोयाबीन उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार भाव के बीच का अंतर सरकार द्वारा दिया जाएगा। फसल बिक्री के 15 दिन के भीतर भाव में अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत सभी किसानों को पारदर्शी और त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को भावांतर राशि का भुगतान सीधे पंजीकृत बैंक खाते में किया जायेगा।

इंदौर की सभी मंडियों और उप मंडियों में तकनीकी एवं मानव संसाधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मंडी स्तरीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रवेश गेट और प्रांगण में सीसीटीवी मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में हेल्प डेस्क भी बनाये गये हैं।

भावांतर योजना के तहत इस वर्ष किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने रकबे का पंजीयन कराया है। इंदौर जिले में 46 हजार 61 किसानों ने पंजीयन कराया है। इन किसानों का सोयाबीन का कुल रकबा एक लाख 22 हजार हेक्टेयर है। जिले में कुल 7 खरीदी केन्द्र बनाये गए है, इनमें इंदौर लक्ष्मीबाई नगर मंडी, संयोगितागंज, सांवेर, चंद्रावती गंज, गौतमपुरा, देपालपुर और डोंगरगाँव शामिल है।

---

**रोजगार मेला सम्पन्न**

## 102 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारतीय डाक विभाग इंदौर परिक्षेत्र की मेजबानी में आज इंदौर में 17 वें रोजगार मेले का आयोजन रविंद्र नाट्य गृह में किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार श्री दुर्गादास उईके, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री गोलू शुक्ला विशेष रूप से मौजूद थे।**

उक्त रोजगार मेला में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों जैसे रेल्वे, वित्त, उच्च शिक्षा, आयकर, एवं डाक विभाग इत्यादि के लगभग 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को 40 केन्द्रों पर वर्चुअल नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इन्दौर में 102 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। जिसमें से 25 अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में इंदौर सेंटर पर दूरस्थ स्थानों से जैसे खण्डवा, मंदसौर, रतलाम, सीहोर, उज्जैन, धार, देवास के साथ-साथ स्थानीय इंदौर से भी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागो में नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु नियमित अवसर निर्मित हो रहे है, जिसके माध्यम से युवाओ को भारत सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठित विभागो में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

---

# मौसम के उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर

## ● अस्पतालों की ओपीडी में लगभग डेढ़ गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में मौसम के लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों ने लोगों को घेर लिया है। तबीयत बिगड़ने पर लोग सीधे अस्पतालों का रुख कर रहे हैं, जिसके चलते अस्पतालों की ओपीडी में लगभग डेढ़ गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।**



इस सप्ताह एमवायएच, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों में वायरल का प्रकोप स्पष्ट दिखा, जिससे बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कई मरीजों को भर्ती करने की नौबत भी आ रही है। अक्टूबर की शुरुआत से ही तापमान में हो रहे बदलाव को चिकित्सक बीमारियों का कारण बता रहे थे, लेकिन दीपावली के त्योहार के बीच यह स्थिति और गंभीर हो गई। पहले से ही मच्छर जनित बीमारियां बढ़ रही थीं, अब सर्दी के कारण जुकाम और शरीर में जकड़न के मरीज बढ़ गए हैं। इसके साथ ही, प्रदूषण के कणों के हवा में मिलने से बीमारियों का ग्राफ और ऊपर चढ़ गया है। जिला अस्पताल समेत अन्य सरकारी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों पर मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। तापमान में गिरावट के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों में डेंगू और मलेरिया के मरीजों के ग्राफ में भी इजाफा हुआ है। मलेरिया विभाग इनकी मॉनिटरिंग कर रहा है और स्वास्थ्य विभाग 'सरकारी अभियान' के तहत लोगों को जागरूक भी कर रहा है। जिला अस्पताल और एमवायएच में मरीजों की भारी भीड़ रही। पिछले कुछ दिनों से यहां पर ओपीडी एक हजार के पार पहुंच रही है। यह सामान्य दिनों की तुलना में डेढ़ गुना तक अधिक है। इनमें ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार और छाती में जकड़न की समस्या लेकर पहुंचे हैं। एमजीएम के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा कि मौसम बदलने से बीमारियां बढ़ रही हैं। लोगों को अपने खान-पान में बदलाव करते हुए, गर्म पानी पीने की आदत डालनी चाहिए और ठंडी सामग्री से परहेज करना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के मुताबिक, बदलते मौसम को देखते हुए मरीजों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और जरूरत पड़ने पर मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है।

---

## बदमाश ने केटरिंग का काम करने वाले युवक की बाइक में लगाई आग

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने केटरिंग का काम करने वाले युवक की बाइक में आग लगा दी, जिसकी लपटें उसके घर तक पहुंच गईं। गनीमत रही कि आग घर में नहीं फैली, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कमलेश लोहार निवासी अखंड नगर ने बताया कि उसने अपनी बाइक (एमपी09-वीआर-4673) घर की पार्किंग में खड़ी की थी। रात करीब 3 बजे घर के अंदर सोते समय खिड़की से रोशनी और आवाजें आने पर बाहर देखा तो बाइक धधक रही थी और आग की लपटें खिड़की तक पहुंच चुकी थीं। कमलेश ने तुरंत छत से पानी डालकर आग बुझाई। इस दौरान उसने गोलू उर्फ प्रज्वल बामनिया निवासी भील कॉलोनी को मौके से भागते हुए देखा। आग बुझाने के बाद आसपास देखा तो एक डिब्बा पड़ा मिला, जिसमें से पेट्रोल की तेज बदबू आ रही थी। एरोड्रम थाना पुलिस ने आरोपी गोलू के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

# इंदौर में कार्बाइड गन की बिक्री-निर्माण पर प्रतिबंध लगाने का आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। दीपावली पर बाजारों में खुलेआम बिक रही खतरनाक कार्बाइड गन को लेकर अब जिला प्रशासन और पुलिस ने सख्ती दिखाई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि शहर के बाजारों में तुरंत जांच अभियान चलाया जाए। जहां कहीं भी इन गनों की बिक्री, निर्माण या भंडारण हो रहा है, वहां बिना देरी कड़ी कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि यह मामला हल्के में लेने लायक नहीं है। इन गनों से बच्चों की आंखों में गंभीर चोटें आई हैं, कुछ की रोशनी तक चली गई है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस खतरनाक सामान की बिक्री में शामिल हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने संबंधित टीमों को बाजारों, खिलौना दुकानों और थोक विक्रेताओं की जांच के लिए भेजा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि कार्बाइड गन के इस्तेमाल से आंखों और चेहरे पर जानलेवा चोटें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन्हें चोटें आई हैं उनका प्राथमिकता से इलाज कराना सुनिश्चित किया जा रहा है और जिन्होंने इन खतरनाक खिलौनों की सप्लाई की है, उन्हें चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से भी सख्ती बरती जा रही है। पुलिस टीमों ने बाजारों में दबिश देना तेज कर दिया है और अवैध विक्रेताओं के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं और किसी भी व्यक्ति को कार्बाइड गन बेचते, बनाते या भंडारित करते हुए पाया गया तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मध्य प्रदेश के 11 जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 292 बच्चे ऐसे मिले जिनकी आंखें कार्बाइड गन से प्रभावित हुईं। इनमें कई बच्चों की झिल्ली और कॉर्निया को गंभीर क्षति पहुंची है। कुछ मामलों में कॉर्निया ट्रांसप्लांट की आवश्यकता तक पहुंच चुकी है। प्रदेश के तीन बच्चों की दृष्टि पूरी तरह चली गई है। इंदौर के एमवाय अस्पताल के नेत्र विभाग में भी कई घायल पहुंचाए गए, जिनमें से 11 बच्चे इलाज के लिए भर्ती हुए थे और दो बच्चों की दृष्टि के खतरे की बात कही जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे ऐसे खतरनाक खिलौनों का उपयोग बिल्कुल न करें। यह गन बेहद खतरनाक है और इसके उपयोग से न केवल चोटें आती हैं बल्कि बच्चों की आंखों पर स्थायी असर भी पड़ सकता है।



### तीन बच्चों की रोशनी लौटना संभव नहीं

शहर के एमवाय अस्पताल में भर्ती तीन बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि तीन बच्चों की आंखों की स्थिति गंभीर है। उनकी रोशनी लौटना अब संभव नहीं है। इंदौर में भी प्रशासन ने दुकानों पर छापे मारे, लेकिन यहां कार्बाइड गन की बिक्री नहीं पाई गई। जो बच्चे शिकार हुए है। उन्होंने घर पर इसे प्लास्टिक की बोतल में तैयार किया था। एमवाय अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति रावत ने बताया कि इंदौर में गन का शिकार हुए 9 केस सामने आए है। गन से निकली गैस और कार्बाइड के टुकड़ों से आंखे खराब हुई है। तीन बच्चों की आंख में ज्यादा नुकसान हुआ है। उनकी रोशनी लौटना संभव नहीं है। बाकी बच्चों का इलाज जारी है। इंदौर के अलावा देवास, आगर मालवा, खंडवा, खरगोन में भी इस तरह के कुछ केस मिले है।

# रैगिंग...छात्रा बोली- 'सीनियर्स ने नर्क बना दी जिंदगी, 4 महीने में घट गया 22 किलो वजन'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की पीजी फर्स्ट ईयर की एक छात्रा ने अपने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों पर पिछले चार माह से लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत यूजीसी की राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सेल में दर्ज कराई है। छात्रा का आरोप है कि प्रताड़ना के कारण चार महीनों में उसका 22 किलो वजन कम हो गया है और उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती भी रहना पड़ा।**

पीड़ित छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा है कि सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा उसे डराया-धमकाया जा रहा है। उसे ऑपरेशन थिएटर (OT) की पोस्टिंग से बेदखल करने की धमकी दी गई और अत्यधिक व रात की ड्यूटी करने के लिए मजबूर किया गया। छात्रा के अनुसार, जब उसने मेडिकल लीव ली, तो उसके बारे में झूठी अफवाहें फैलाई गईं, जिससे वह गहरी मानसिक परेशानी में चली गई। राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सेल में दर्ज कराई गई शिकायत में चार सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के नाम शामिल हैं। इन पर छात्रा को डराने और उसके खिलाफ अपमानजनक माहौल बनाने का आरोप है। पीड़िता के अनुसार, सीनियरों ने एक व्हाट्सएप ग्रुप पर उसके बारे में गलत मैसेज फैलाए, उसे 'झूठी' बताया और लिखा कि उसकी मेडिकल लीव 'फर्जी' है। उसे चेतावनी दी गई कि जब वह वापस लौटेगी तो सजा के तौर पर छह महीने तक ओटी ड्यूटी नहीं दी जाएगी और अलग से नाइट शिफ्ट करनी होगी। लगातार प्रताड़ना से उसकी तबीयत इतनी बिगड़ी कि उसे चार दिनों तक एमवाय अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा, जिसके बाद वह घर लौट गई। ईमेल के माध्यम से शिकायत प्राप्त होने के बाद कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। समिति की अध्यक्ष डॉ. पूनम देयसरकार ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। कमेटी अब पीड़िता और आरोपी सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की पहचान कर उनके बयान दर्ज करेगी। जांच पूरी होने के बाद जल्द ही रिपोर्ट राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सेल और कॉलेज प्रशासन को सौंपी जाएगी। वहीं, विभाग के एचओडी डॉ. निलेश दलाल का कहना है कि मामला कमेटी के पास है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मानसिक प्रताड़ना से 22 किलो वजन घटा

छात्रा ने बताया कि वह लगातार मानसिक दबाव झेल रही थी, जिसके कारण उसे लंबी मेडिकल लीव लेनी पड़ी। छात्रा के परिवार ने भी इस बात की पुष्टि की है कि वह मानसिक रूप से टूट चुकी थी और वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है। शिकायत में स्पष्ट कहा गया है कि यह मामला काम के बोझ का नहीं, बल्कि मानसिक अत्याचार का है। छात्रा को बुरी तरह अपमानित किया गया, जिससे उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई।

## सांस लेने में तकलीफ फिर भी कार चलाकर बेटी को लेकर अस्पताल पहुंची



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में पेंटहाउस में आग लगने से कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई। पति की दम घुटने से मौत के बाद पत्नी श्वेता अग्रवाल ने खुद को संभाला और बड़ी बेटी सौम्या को अस्पताल ले गई। श्वेता को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, लेकिन फिर भी साहस दिखाते हुए कार चलाकर अस्पताल पहुंची।

गुरुवार सुबह करीब 5.20 बजे लसूड़िया इलाके में सौम्या महिंद्रा शोरूम के पेंटहाउस में आग लग गई थी। घर में सो रहे कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल की दम घुटने से मौत हो गई थी। बड़ी बेटी सौम्या (15) गंभीर घायल है और बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती है। पत्नी श्वेता और छोटी बेटी मायरा (10) सुरक्षित हैं। हादसे के समय शोरूम में तीन कर्मचारी मौजूद थे। आग की शुरुआत मंदिर में जल रही अखंड ज्योत से होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे से पहले प्रवेश रात 12 बजे तक अपनी मां के पास बैठे थे। उनकी मां भाई के घर रहती हैं। प्रवेश देर रात तक वहीं थे। परिजन ने बताया कि यह पहली बार था जब प्रवेश ने इतनी देर तक अपनी मां के साथ समय बिताया हो। रात करीब 2 बजे वे अपने पेंटहाउस में आकर सो गए। जानकारी के अनुसार, आग लगने के बाद प्रवेश अग्रवाल बेटी को लेने पेंटहाउस के पीछे की तरफ गए थे। वहां धुएं में घिर जाने के कारण वे अंदर ही बेहोश हो गए। कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों ने सीपीआर देने का प्रयास किया, लेकिन उनकी जान नहीं बच पाई। पेंटहाउस हाई सिक्योरिटी से लैस था। यहां डोर कैमरा और फिंगरप्रिंट लॉक लगे हुए थे। आग और धुंए के कारण परिवार के लोग मेन गेट तक नहीं पहुंच पा रहे थे। गाड्‌र्स ने सभी को छत पर बने गेट से बाहर निकाला। हालांकि, धुएं की वजह से दोनों बेटियों के कमरे तक पहुंचने में काफी समय लगा। इसी दौरान प्रवेश अग्रवाल की दम घुटने से मौत हो गई। प्रवेश अपनी मां के बहुत लाड़ले थे। घर वाले ये समझ ही नहीं पा रहे थे कि मां को कैसे बताएं। कुछ लोगों का कहना था कि मां को नहीं बताए, लेकिन आखिर में तय हुआ कि मां को बता दें, वरना जिंदगीभर वे बेटे का ही पूछती रहेगी। उधर, यह भी तय हो रहा था कि बेटी से मुखाग्नि दिलाई जाए, लेकिन बेटी मायरा को हमेशा यह दृश्य दिखेगा, इसलिए भतीजे से मुखाग्नि दिलाई गई। प्रवेश अग्रवाल बेटियों से बेहद प्यार करते थे। वे हर सुबह उठकर दोनों बेटियों के पैर छूने के बाद ही दिन की शुरुआत करते थे। अग्रवाल के इंदौर, रतलाम, ग्वालियर, भोपाल सहित कई शहरों में महिंद्रा शोरूम हैं।

# रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी की बेटी के लॉकर से लाखों का सोना जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी(डीईओ) धर्मेंद्रसिंह भदौरिया की संपत्ति बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को उसकी बेटी अपूर्वा के बैंक लॉकर से लाखों रुपये कीमती सोना बरामद किया गया। लोकायुक्त टीम सोना की कीमत का अंदाजा लगा रही है।

धर्मेंद्रसिंह भदौरिया के कैलाशकुंज स्थित अपार्टमेंट पर सबसे पहले छापा मारा था। इसके बाद टीम ने पुलिस ने 80 लाख रुपये कीमती सोना बरामद किया। शुक्रवार को कैनरा बैंक (देवास नाका) का लॉकर खोला गया।



एचडीएफसी बैंक के लॉकर से डेढ़ करोड़ और कैनरा बैंक के लॉकर से दो करोड़ 35 लाख के आभूषण जब्त किए गए हैं। यह लॉकर धर्मेंद्र की बेटी अपूर्वा के नाम से है। इसमें टीम ने लाखों रुपये कीमती सोना निकला है। एक में धर्मेंद्र के बेटे सूर्यांश और उसकी पत्नी मिनी शुक्ला का लॉकर खोल रही है।

## प्रेम विवाह के डेढ़ साल बाद दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी में एक 28 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता ने अपनी बहू पर ही प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बहू बेटे को काफी परेशान करती थी। जिसके चलते वह फंदे पर झूल गया। बताया जा रहा है कि युवक प्रेम विवाह किया था। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, घटना ऋषि कॉलोनी की है। यहां रोहित (28) पुत्र किशोर उर्फ मंगू ठाकुर का शव शुक्रवार सुबह उसकी मां राधा ने फंदे पर लटका देखा। पिता किशोर ने बताया कि बेटे की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। आठ माह की एक बेटी भी है। रात में उनकी बेटी और जमाई खाना खाने आए थे। देर रात रोहित कमरे में चला गया। रात को कमरे से रोने की आवाज आ रही थी। जब वे देखने गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद सुबह करीब साढ़े सात बजे राधा कमरे में पहुंचीं तो रोहित फंदे पर लटका हुआ था। रोहित के पिता किशोर ने आरोप लगाया कि बहू बेटे को काफी परेशान करती थी। बहू बेटे पर शक करने के साथ रिश्तेदारों को लेकर ताना-कसी करती थी। बहू ऑनलाइन शॉपिंग और बाजार में रुपए खर्च करवाती थी। रोहित इन सब बातों से काफी तनाव में आ गया था। पुलिस ने पूरे मामले को जांच में लिया है।



## फर्जी आईडी बनाकर भेजता था अश्लील रील्स और मैसेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पलासिया पुलिस ने एक रिसर्च कंपनी की महिला मैनेजर की शिकायत पर ऑफिस में छेड़छाड़ और फर्जी प्रोफाइल बनाकर अश्लील चैटिंग करने के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान प्रज्जवल सिंह पटेल निवासी लिबोदी के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय महिला ने बताया कि साकेत क्षेत्र स्थित कंपनी में 18 सितंबर को प्रज्जवल सिंह इंटरव्यू के लिए आया था, जहां उसका चयन हुआ। कुछ दिनों बाद उसने आदित्य राय नाम से फेक आईडी बनाकर महिला को आपत्तिजनक मैसेज भेजना शुरू किया। जब महिला ने जवाब नहीं दिया तो आरोपी ने इंस्टाग्राम पर अश्लील रील्स और मैसेज भेजने शुरू कर दिए। महिला ने बताया कि एक दिन आरोपी ने मैसेज किया कि ''लिफ्ट में जब तुम पास खड़ी थी, तब अच्छा लगा।'' इसके बाद उसे एहसास हुआ कि लिफ्ट में वही मौजूद था। इसके बाद आरोपी ने ऑफिस में भी उसे गलत तरीके से धक्का दिया। शंका होने पर महिला ने कंपनी मालिक को जानकारी दी।

## 6 बिस्वा जमीन के लिए पिता की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** बागचीनी थाना क्षेत्र में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बेटे ने एक बाल अपचारी की मदद से गला दबाकर अपने पिता को मौत के घाट उतारा था। आरोपी बेटे और बाल अपचारी दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में पता चला कि मृतक मोहर सिंह कुशवाह की हत्या उनके बेटे ने महज 6 बिस्वा जमीन के लिए की थी। घटना 22 अक्टूबर को हुई थी, जिसके बाद पुलिस को मृतक की मौत संदिग्ध लगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और पोस्टमार्टम कराया, जिससे हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार, आरोपी बेटे ओमवीर कुशवाह ने अपने मौसी के बेटे बाल अपचारी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। ओमवीर ने अपने पिता की हत्या इसलिए की, क्योंकि वह उनकी 12 बिस्वा जमीन में से 6 बिस्वा जमीन हड़पना चाहता था।

## पुलिसकर्मी की पिटाई से 2 बार गर्भपात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** झूठ बोलकर शादी की। आए दिन सनकी व्यक्ति की तरह पीटता है। जब भी मारता- पेट पर लात मारता। इससे दो बार गर्भपात हो गया। उस दिन भी डंडों से पीटा, बंधक बनाया। इलाज के लिए अस्पताल तक नहीं जाने दिया। सीसीटीवी कैमरे का मेमोरी कॉर्ड निकालकर खून से सने फ्लोर को साफ किया। ये आरोप हैं, रीवा के डीआईजी कार्यालय में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (हवलदार) राजीव वर्मा की पत्नी सावित्री बर्मन के। पुलिसकर्मी पति ने दीपावली के दिन उससे बर्बरता की। न सिर्फ लाठी-डंडे से पीटा, बल्कि गंभीर घायल होने के बाद भी 24 घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा। वह इलाज के लिए गुहार लगाती रही, लेकिन अस्पताल तक नहीं जाने दिया। आखिरकार पीड़िता एसपी के पास पहुंची। पति की बर्बरता और घरेलू हिंसा की दास्तान सुनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिसकर्मी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## भोपाल से आईएस आईएस आतंकी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट्स ऑफ इराक एंड सीरिया) से जुड़े एक आतंकी को भोपाल के करोंद से गिरफ्तार किया है। वहीं, दिल्ली के सादिक नगर से भी एक आतंकी पकड़ाया है। दोनों मिलकर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में आईईडी ब्लास्ट करने की प्लानिंग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकियों का नाम अदनान है। इन्हें फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही थी और उनका निशाना दिल्ली था। आतंकियों के पास से संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। फिलहाल दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम दोनों से पूछताछ कर रही है।

# एसएलआर अब कहलाएंगे तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख होंगे नायब तहसीलदार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश शासन के फैसले के बाद अब अधीक्षक भू-अभिलेख (एसएलआर) को तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को नायब तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कहा जायेगा, शासन ने इस आशय का आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि अब से इन अधिकारियों को इसी संबोधन और पत्राचार से संबोधित किया जाए।**

मध्यप्रदेश शासन के कार्यालय आयुक्त भू संसाधन प्रबंधन मध्यप्रदेश भोपाल ने प्रदेश के सभी कलेक्टर, क्षेत्रीय उपायुक्त भू-अभिलेख, उप प्राचार्य राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान ग्वालियर, प्राचार्य राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण शाला इंदौर, उमरिया, प्रधान अध्यापक पटवारी प्रशिक्षण शाला एवं अधीक्षक भू संसाधन प्रबंधन-सहायक अधीक्षक भू संसाधन प्रबंधन को संबोधित पत्र में इस आशय के निर्देश जारी किये हैं। शासन ने अपने आदेश में बताया है कि 12 सितम्बर को राजपत्र में प्रकाशित 2 सितम्बर के राजस्व विभाग के आदेश के क्रम में अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के संवर्गो का क्रमशः तहसीलदार और नायब



तहसीलदार के संवर्ग में समायोजन किया गया है। आदेश में कहा गया है कि इस समायोजन के बाद राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से अधीक्षक भू-अभिलेख को तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को नायब तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में घोषित किया गया है इसलिए अब अधीक्षक भू-अभिलेख को तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को नायब तहसीलदार के नाम से संबोधित किया जायेगा और इसी पदनाम से पत्राचार किया जायेगा। आदेश में कहा गया कि प्रदेश में अधीक्षक भू-अभिलेख के 144 पद एवं तहसीलदार के 610 पद स्वीकृत है। दोनों पद कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा अंतर्गत समान वेतनमान के पद हैं, अब इस समायोजन के बाद तहसीलदार के कुल पद 754 हो जाएंगे। आदेश में कहा गया कि अधीक्षक भू-अभिलेख (जिसे अब तहसीलदार कहा जायेगा) से उप जिलाध्यक्ष (डिप्टी कलेक्टर) के पद पर पदोन्नति के लिए पूर्व में वरिष्ठता के आधार पर अपनाई गई प्रक्रिया का पालन तब तक किया जाता रहेगा जब अक यह संपूर्ण संवर्ग पदोन्नति सेवानिवृत अन्य कारण से रिक्त नहीं हो जाता।

## घर से निकालकर भाई-भाभी को चाकूओं से गोदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** एक शख्स ने अपने भाई-भाभी की बीच सड़क पर हत्या कर दी। इसके बाद भाग निकला। वारदात की वजह प्रॉपर्टी विवाद बताया जा रहा है। घटना घमापुर थाना क्षेत्र के बल्दी कोरी दफाई में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे की है। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। थाना प्रभारी प्रतिक्षा मार्को ने दोनों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने बताया कि बबलू चौधरी और उसका बड़ा भाई संजय चौधरी पैतृक मकान के दो हिस्से कर रहे थे। इसी मकान के पीछे उनके दादा रामलाल की जमीन भी है। इस जमीन पर संजय ने मकान बनवा लिया था। बबलू का कहना था कि दादा की जमीन पर उसका भी हक है। इसी बात को लेकर करीब एक महीने से दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा था। कई बार दोनों के बीच झगड़े हुए।



पड़ोसियों ने दोनों को समझाइश दी, लेकिन विवाद सुलझा नहीं। बबलू हाथ में चाकू लेकर संजय के घर पहुंचा। गाली देते हुए संजय को बाहर बुलाया। संजय जैसे ही बाहर आया, बबलू ने हमला कर दिया। संजय के गंभीर घायल होने के बाद बबलू घर में घुसा और भाभी बबीता पर भी एक के बाद एक कई वार किए। फिर वहां से चाकू लहराते हुए फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घमापुर पुलिस को सूचना दी। घमापुर थाना प्रभारी प्रतिक्षा मार्को ने बताया कि संजय चौधरी नमकीन का व्यापार करता था, जबकि बबलू मजदूरी करता है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव में प्रदेश के लोक नृत्यों की रही धूम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** शिक्षा विभाग का 2 दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव शुक्रवार 24 अक्टूबर से भोपाल के कलियासोत कोलार रोड़ के मध्यप्रदेश भूमि एवं जल प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) में शुरू हुआ। राज्य स्तरीय कला उत्सवपहले दिन गायन, वादन, नृत्य, नाटक, कहानी वाचन, मूर्तिकला, चित्रकला, स्थानीय शिल्प एवं खेल-खिलौना निर्माण की प्रतियोगिताएँ प्रारंभ हुईं। कार्यक्रम का आकर्षण प्रदेश की लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां रहीं।

कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में अपर परियोजना संचालक समग्र शिक्षा अभियान श्रीमती मनीषा सेतिया ने विद्यार्थियों से कहा कि कला उत्सव वास्तव में बच्चों का उत्सव है, जो उन्हें अपनी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों से जोड़ता है। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को साकार करता है और भारत की समृद्ध कला परंपरा से विद्यार्थियों को परिचित कराता है। कला उत्सव के माध्यम से बच्चे पुस्तकों से बाहर निकलकर विभिन्न कलाओं में दक्ष बनते हैं। यह आयोजन भारतीय कला के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव में मध्यप्रदेश के 9 संभागों से लगभग 250



विद्यार्थी सहभागिता कर रहे हैं। कुल 12 प्रतियोगिता श्रेणियों में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकनृत्य की श्रृंखला में सागर संभाग की बालिकाओं ने 'बधाई नृत्य' की मनमोहक प्रस्तुति दी, जो बुंदेलखंड क्षेत्र में विवाह एवं त्यौहारों के अवसर पर किया जाता है। राज्य स्तरीय कला उत्सव का समापन समारोह 25 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 3 बजे होगा। जिसमें सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। आगामी राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15 नवंबर से महाराष्ट्र के पुणे में किया जाएगा, जिसमें राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मंदसौर में महिला सरपंच का शव चंबल नदी में मिला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी। जिले के सीतामऊ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मऊखेड़ा की महिला सरपंच कन्या बाई का शव चंबल नदी में तैरता मिला। घटना शुक्रवार दोपहर की है।**

जानकारी के अनुसार, सरपंच कन्या बाई ने नदी में कूदने से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में उन्होंने अपने ही परिवार के सदस्यों पर सरपंच पद छोड़ने के लिए दबाव डालने के गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो में उन्होंने भावुक होकर कहा था कि वह अब इस दबाव को और नहीं झेल सकतीं। वीडियो में महिला कहती है कि 2 साल हो गए लड़ते-लड़ते मुझे, रोज गाली-गलौज करते हैं, मारपीट करते हैं और बेटे को मेरे खिलाफ बहकाते हैं, दिन रात मीटिंग करके सिखाते हैं। लड़ाई की मुख्य वजह सरपंच पद बताया जा रहा है। महिला ने वीडियो के माध्यम से कहा मरना है तो 1 दफे मर जाओ। मैं सरपंच पद छोड़ना चाहती हूं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर जब ग्रामीणों ने चंबल नदी में एक महिला का शव तैरता देखा तो उन्होंने तुरंत सुवासरा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतका की पहचान ग्राम मऊखेड़ा की सरपंच कन्या बाई के रूप में हुई। ग्रामीणों का कहना है कि कन्या बाई अपने सरपंच पद के कार्यों को लेकर सक्रिय थीं और सूत्रों की मानें तो सरपंच हाल ही में कुछ पारिवारिक विवादों के कारण मानसिक रूप से तनाव में दिखाई दे रही थीं।

## मुस्लिम समाज ने दरगाह पर की संत प्रेमानंद महाराज के स्वस्थ होने की दुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** धार्मिक एकता और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए बैतूल जिले में मुस्लिम समाज के लोगों ने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। गुरुवार को समाज के लोगों ने पहलवान बाबा की दरगाह पहुंचकर चादर और



फूल अर्पित किए तथा महाराज के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की दुआ मांगी। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने कहा कि धर्म से ऊपर मानवता है, और जब किसी संत या समाजसेवी की तबीयत बिगड़ती है, तो सबको मिलकर उनके लिए दुआ करनी चाहिए। जानकारी के अनुसार, संत प्रेमानंद महाराज कुछ समय से पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज से पीड़ित हैं और नियमित रूप से डायलिसिस करवा रहे हैं। हाल ही में तबीयत बिगड़ने के बाद देशभर में उनके अनुयायी और भक्त उनके स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। यह कदम बैतूल में आपसी सद्भाव और धार्मिक एकता की सुंदर मिसाल बन गया है।

## संपादकीय

# 'कार्बाइड गन' से छीन रही रोशनी

दिवाली पर जहां रोशनी फैलनी चाहिए, वहां अब अंधकार भी फैल रहा है। वजह है, यूट्यूब देखकर घरों में बनाई जा रही 'कार्बाइड गन' जैसे खतरनाक देसी पटाखे जिंदगी से रोशनी छीन रहे है। बीती दिवाली पर एम्स में पटाखों से घायल होकर 200 से ज्यादा लोग पहुंचे, जिनमें से ममले ऐसे थे जो कार्बाइड गन के विस्फोट से घायल हुए। इन मरीजों की आंखों में गंभीर चोटें आई है। आशंका है कि कई की नजरों की रोशनी लौटना मुश्किल है। एम्स के डॉक्टरों के अनुसार, इस दिवाली पर ग्रीन पटाखों के अलावा कार्बाइड गन की वजह से बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। दिवाली से पहले ही करीब 20 मामले सामने आ गए थे जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। दिवाली के दिन एम्स के आई यूनिट में लगभग 100 मामले आए, अगले दिन 50 और उसके बाद 301 इनमें से 30 मरीजों की सर्जरी की जा चुकी है। एम्स के आरपी सेंटर की प्रमुख डॉ. राधिका टंडन ने बताया कि इस साल सोशल मीडिया की अंधी नकल ने कई घरों की खुशियां बुझा दी। यूट्यूब देखकर कार्बाइड गन बनाते समय घायल हुए लगभग 17 मरीन एम्स पहुंचे। इन मरीजों को थर्मोकेमिकल जलन्, कार्निया गलने आंखें में धंसे कण, आंख की झिल्ली के नष्ट होने जैसी गंगौर चोटें आई। कई को एम्नियोटिक मैनेन ग्राफ्टिंग, टेक्टोलिक केरेंटोप्लास्टी और अन्य सर्जरी की जरूरत पड़ी। डॉ. राधिका टंडन ने बताया कि सोशल मीडिया की अंधी नकल ने कई घरों की खुशियां बुझा दी। इन मरीजों को थर्मोकेमिकल जलन, कॉर्निया गलने, आंखो में धंसे कण, आंख की झिल्ली के नष्ट होने जैसी चोटें आई। डॉ. राधिका टंडन ने सरकार से अपील की है कि सोशल मीडिया पर चल रहे कार्बाइड गन या देसी पटाखे बनाना सिखाने वाली वीडियो पर प्रतिबंध लगे। पटाखों के इस्तेमाल पर लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। एम्स ने इस दिशा में कार्यक्रम भी किए है, लेकिन इन्हें और व्यापक रूप से चलाने की जरूरत है। जानकारी के मुताबिक एम्स में अब तक कार्बाइड गन से घायल हुए लगभग 19 मरीज पहुंचे है। इनमें से 8 मामले एक ही दिन में आए, जिनमें 7 दिल्ली के और 1 गाजियाबाद का है। सभी मरीजों की आखों की सर्जरी की जा चुकी है और उनकी निगरानी की जा रही है। कार्बाइड गन आमतौर पर प्लास्टिक या टिन के पाइप से घर में बनाई जाती है। इसमें कैल्शियम कार्बाइड और पानी मिलाकर केमिकल रिएक्शन कराया जाता है। इससे तेज विस्फोट होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ये दिखने में खिलोने जैसी, लेकिन बेहद खतरनाक होती है। इसमें कैल्शियम कार्बाइड, माचिस की तीलिया और बारूद का मिश्रण भरा जाता है। पानी मिलाने पर गैस बनती है, जिसे जलाने पर शक्तिशाली विस्फोट होता है। कई कर जब यह नहीं जलती तो लोग पाइप के छेद में झाकते है और अचानक विस्फोट हो जाता है।

# रास्ते का भूत



रवि नाम का एक लड़का दिल्ली की किसी फैक्ट्री में सफाई का काम किया करता था। उसके घर से फैक्ट्री करीब पांच किलोमीटर दूर थी। वो हमेशा अपनी साइकिल से ही फैक्ट्री जाता था। रोज की ही तरह आज भी वो घर से फैक्ट्री के लिए निकला। उसे रास्ते में पड़ने वाले एक चौराहे पर एक लड़की दिखी, जो उसे गुस्से में घूर रही थी। लड़के ने भी उसे देखा और फिर मुंह फेरकर फैक्ट्री चला गया।

अगले दिन भी सुबह वो लड़की उसी जगह पर खड़ी थी और रवि को घूर रही थी। उसने पलटकर लड़की को नहीं देखा और सीधे अपने काम पर चला गया। रोजाना इसी तरह हफ्ते भर वो लड़की चौराहे पर खड़ी होकर रवि को घूरती थी और रवि उसे अनदेखा करके फैक्ट्री चला जाता था।

करीब सात दिन बाद जब रवि फैक्ट्री जा रहा था, तो उसे वो लड़की उस जगह पर खड़ी नहीं दिखी। रवि के मन में हुआ कि आखिर क्या हुआ होगा कि वो लड़की वहां नहीं है। रवि ने सोचा कि उस लड़की से कुछ पूछने या बात करने में भी डर लगता था, क्योंकि वो बुरी तरह से घूरती थी। इन्हीं ख्यालों के साथ वो फैक्ट्री पहुंचा और साफ-सफाई करके शाम को घर लौट गया।

वो लड़की एक हफ्ते तक उस चौराहे पर नहीं दिखी। एक दिन जब शाम को वो लड़का घर पहुंचा, तो उसे अपने बेड पर एक चिट्ठी दिखी।

उसमें लिखा था, "मेरा नाम प्रीति है। मैं तुम्हें एक हफ्ते पहले रोज एक चौराहे पर दिखती थी। कल शाम तुम वहीं पर खड़े होकर मेरा इंतजार करना।" उस चिट्ठी में एक फोटो भी थी, जो उसी चौराहे पर खड़ी लड़की से मिलती थी।

लड़के के मन में हुआ कि आखिर इसे मेरे घर का पता कैसे मिला होगा और ये चिट्ठी मेरे बेड तक कैसे पहुंची। इसी सोच के साथ वो सो गया। अगले दिन उठकर जब काम में जाने लगा, तो उसे चिट्ठी वाली बात याद आ गई। साइकिल से वो सुबह फैक्ट्री पहुंचा और दिनभर उसी लड़की के बारे में सोचता रहा। शाम को वो उस चौराहे पर पहुंचकर उस लड़की का इंतजार करने लगा। काफी देर हो गई, लेकिन वो आई नहीं।


रवि इंतजार करके थक गया था, इसलिए वो घर की ओर निकल गया। घर पहुंचते ही उसने सोचा कि क्यों न चिट्ठी पर लिखे हुए पते पर जाकर ही उस लड़की से मिल लिया जाए। रात होने को थी, इसलिए उसने सुबह-सुबह उस लड़की के घर जाने की सोची।

सुबह होते ही जल्दी तैयार होकर रवि चिट्ठी पर लिखे पते पर पहुंच गया। वहां जाकर जब उसने घर की घंटी बजाई तो एक आदमी बाहर आया। उससे रवि ने कहा कि मुझे प्रीति से मिलना है। यह सुनते ही वह व्यक्ति चौंक गया। जवाब में उसने पूछा, "क्या प्रीति से मिलना है? उसे मरे हुए तो दो महीने हो गए हैं, तुम्हें अब उससे क्या काम याद आ गया?"

यह सुनते ही रवि के होश उड़ गए। डर के मारे शरीर कांपने लगा। किसी तरह खुद को संभालकर रवि घर पहुंचा और चिट्ठी को जला दिया। उसके मन में कई तरह के सवाल उठने लगे। उसने सोचा कि वो लड़की जो मुझे रोज दिखती थी वो भूत थी। मुझे एक भूत ने चिट्ठी भेजी थी। यही सोचकर वो घर में दुबक कर बैठ गया। उस दिन से रवि न तो रास्ते में किसी को देखता था और न ही किसी अनजान इंसान के बारे में सोचता था।

### कहानी से सीख

किसी अनजान इंसान के बारे में सोचना नहीं चाहिए और बिना किसी व्यक्ति की सही जानकारी के उसके घर तो बिल्कुल नहीं जाना चाहिए।



## रंग भरो

## Haryana

# डबल मर्डर: कोर्ट में पेशी पर जा रहे बाप-बेटे को गोलियों से भूना, हमलावरों ने हाईवे पर 15 गोलियां मार किया कत्ल

**पानीपत, (एजेंसी)** सोनीपत के खरखौदा में कोर्ट में पेशी पर जा रहे पिता-पुत्र की शुक्रवार सुबह करीब पौने दस बजे नेशनल हाईवे-334बी पर थाना कलां चौक के पास गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। स्कॉर्पियो सवार हमलावरों ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी और फिर करीब 15 फायर किए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को पांच साल पुराने नितिन सैनी हत्याकांड के प्रतिशोध में अंजाम दिया गया। पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जुटी हैं।

गांव गोपालपुर निवासी धर्मबीर सिंह (50) और उनके पुत्र मोहित (25) सोनीपत अदालत में पेशी पर



जा रहे थे। मोहित पर वर्ष 2020 में हुई नितिन सैनी की हत्या का मुकदमा दर्ज था। मोहित के दादा और धर्मबीर के पिता बुधराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे तीनों एक साथ बाइक पर निकले थे लेकिन वह थाना कलां चौक के पास उतर गए थे। इसके कुछ देर बाद सामने से आई एक स्कॉर्पियो ने मोहित और धर्मबीर की बाइक को टक्कर मारी जिससे दोनों पुल से नीचे सर्विस लेन पर जा गिरे। बाइक गिरते ही स्कॉर्पियो से खरखौदा निवासी राहुल, रोहतक के हुमायूंपुर निवासी मनीष और एक अन्य युवक निकले और दोनों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दीं। करीब 15 गोलियां चलाई गईं, जिनमें से ज्यादातर धर्मबीर और मोहित को लगीं। मोहित के हेलमेट के आर-पार भी गोली चली गई।

## New Delhi

**चक्रवाती तूफान आ रहा**

### भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की चेतावनी, इन इलाकों को अधिक खतरा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान के कारण ओडिशा में आपदा मैनेजमेंट टीमें हाई अलर्ट पर हैं। इस तूफान के 27 अक्टूबर से राज्य में भारी बारिश लाने की संभावना है। हालांकि, चक्रवात के ओडिशा में सीधे तट से टकराने की उम्मीद नहीं है। इसके बावजूद जोरदार बरसात और तेज हवाएं चल सकती हैं। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने आश्वासन दिया कि राज्य आने वाले चक्रवाती तूफान के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, जल संसाधन, ऊर्जा और कृषि विभाग स्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर ली गई है। सुरेश पुजारी ने कहा, 'ओडिशा प्राकृतिक आपदाओं जैसे भारी बारिश, बाढ़, नदियों में उफान और चक्रवातों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। हम 22 या 29 अक्टूबर को तट से टकराने वाले संभावित चक्रवाती तूफान की तैयारी कर रहे हैं। स्वास्थ्य, जल संसाधन, ऊर्जा और कृषि विभाग पूरी तरह तैयार हैं। ओडिशा के स्थानीय प्रशासन विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में राहत केंद्रों, निकासी और आवश्यक आपूर्ति की व्यवस्था कर चुके हैं। हम लोगों से घबराने की बजाय शांत रहने की अपील करते हैं, क्योंकि हम पूरी तरह तैयार हैं।' भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 24 अक्टूबर को दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र की पहचान की। इस सिस्टम के 25 अक्टूबर तक डिप्रेशन, 26 अक्टूबर तक गहरा डिप्रेशन और 27 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है।

## Jammu & Kashmir

### कठुआ में ईसाई मिशनरी दल पर गांववालों ने किया हमला, आठ पुलिसकर्मी सस्पेंड

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में धर्म परिवर्तन से जुड़ा एक मामला सामने आया है. कठुआ जिले में धर्म परिवर्तन कराने पहुंचे एक ईसाई मिशनरी दल पर गांववालों ने हमला कर दिया. घटना के समय मौके पर मौजूद आठ पुलिसकर्मियों की लापरवाही के चलते उन्हें SSP कठुआ ने तुरंत निलंबित कर दिया. घटना कठुआ जिले के धनी बाख्ला गांव की है. यहां धर्म परिवर्तन कराने पहुंचे एक ईसाई मिशनरी दल पर ग्रामीणों ने अचानक हमला कर दिया. इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया और मौके पर मौजूद आठ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है. ग्रामीणों के हमले के वक्त मौके पर मौजूद आठ पुलिसकर्मियों को SSP कठुआ ने तत्काल निलंबित कर दिया. अधिकारियों के मुताबिक, लापरवाही के कारण पुलिस हमला रोकने में विफल हुई, जिसके चलते निलंबन की कार्रवाई की गई है. प्रशासन ने घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है और पूरे इलाके में स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है.

## Uttarpradesh

### एकतरफा प्रेम में अपहरण के बाद मासूम की हत्या, गला दबाकर शव पांडु नदी में फेंका...मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में बर्रा थाना क्षेत्र के हरदेव नगर में शुक्रवार की दोपहर रिमोट वाली कार दिलाने के बहाने राजमिस्त्री मक्खन सोनकर के बेटे आयुष सोनकर (6) का किराएदार युवक शिवम सक्सेना ने अपहरण कर लिया। आरोपी ऑटो से बालक को पांडु नदी लेकर पहुंचा। यहां उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को नदी किनारे फेंक दिया। जब काफी देर तक बालक नहीं लौटा तो परिजनों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए तो वारदात की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। वारदात की सूचना पर डीसीपी साउथ दीपेंद्र चौधरी, एडीसीपी योगेश पांडेय सर्किल के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र किए। डीसीपी के अनुसार प्रथम दृष्टया



आरोपी युवक का मृतक बालक की मां से संबंध थे, इस कारण घर में आए दिन विवाद होता था।

फिलहाल शव पोस्टमॉर्टम भेजकर हत्यारोपी की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं। उबस्ती में वर्मा के घर में किराए पर रहने वाले मूलरूप से घाटमपुर के रामसारी गांव निवासी मक्खन सोनकर, पत्नी ममता, बेटी 14 वर्षीय मानवी, 10 वर्षीय बेटे मयंक और आयुष के साथ रहते हैं। इसी मकान में फतेहपुर निवासी शिवम सक्सेना अपने पिता रामनारायण के साथ रहता है।

## खेल

# शीर्ष पर जगह पक्की करने उतरेंगे ऑस्ट्रेलिया-द. अफ्रीका

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** महिला विश्व कप का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो चुकी हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और भारत शामिल हैं। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच इंदौर में मौजूदा टूर्नामेंट का 26वां मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच इसलिए अहम है क्योंकि शीर्ष पर रहने वाली टीम का सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से सामना होगा। भारत फिलहाल चौथे पायदान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर मौजूद है।

सेमीफाइनल की चार टीमें भले ही तय हो गई हैं, लेकिन अभी इस बारे में संशय जारी है कि कौन सी टीम अंतिम चार में किससे सामना करेगी। यह तय है कि भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहेगी क्योंकि अगर वह आखिरी मैच जीत जाती है तो



**भारतीय महिला टीम का अब तक का सफर**

भारत ने महिला विश्व कप के पहले मैच में श्रीलंका को हराया था और फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को मात दी थी। लेकिन उसे दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम न्यूजीलैंड को हराकर जीत की राह पर लौटने में सफल रही। भारतीय महिला टीम ने छह में से तीन मैच जीते हैं और तीन में उसे हार मिली है। टीम फिलहाल छह अंक लेकर चौथे स्थान पर है और उसका नेट रनरेट भी +0.628 का है। भारत को अब ग्रुप चरण के आखिरी मैच में बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। भारतीय टीम सेमीफाइनल से पहले अपनी तैयारियां पुख्ता करना चाहेगी।

भी उसके आठ अंक ही होंगे, जबकि इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया अंक के मामले में भारत से आगे है। इंग्लैंड नौ अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और उसका सामना अंतिम मैच में न्यूजीलैंड से होगा। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका का सामना शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया से है। अगर इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हराने में सफल रही तो उसके 11 अंक हो जाएंगे, जबकि अगर दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया से हार मिली तो वह 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर आ जाएगी। पहला सेमीफाइनल मुकाबला अंक तालिका में शीर्ष और चौथे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमों के बीच होगा। यानी भारत का अंतिम चार में मुकाबला किससे होगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि शीर्ष पर कौन सी टीम रहती है। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है और ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अफ्रीका के बीच 25 अक्टूबर को होने वाले मैच से तय होगा कि भारत का सामना किस टीम से होता है।

## सिनेमा

### 'दृश्यम 3' करने से परेश रावल का इनकार, बताई वजह, बोले- मजा नहीं आया...



खबरों की मानें तो कहा जा रहा है कि परेश रावल ने अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' साइन कर ली है. लेकिन बात कुछ और ही है. फिल्म की शूटिंग बस शुरू ही होने वाली है. फिल्म के मलयाली वर्जन के प्रोड्यूसर जीतू जोसेफ से 'दृश्यम 3' को बनाने को लेकर परमिशन आनी बाकी है. फिल्म की कास्टिंग हो रही है. कहा जा रहा था कि परेश रावल फिल्म में एक अहम किरदार अदा करते दिखेंगे. लेकिन परेश ने इस फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है. हाल ही में एक इंटरव्यू में परेश ने सच्चाई बताई है. परेश ने कहा कि वो फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और उन्हें स्क्रिप्ट में मजा तो आया लेकिन किरदार सही नहीं लगा. बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में परेश रावल ने कहा कि उन्होंने 'दृश्यम 3' साइन नहीं की है. जो किरदार उन्हें ऑफर हो रहा था वो उन्हें दिलचस्प नहीं लगा. परेश ने कहा- मैंने फिल्म को साइन नहीं किया है. जितनी भी रिपोर्ट्स आपके पास आ रही हैं उनमें कोई सच्चाई नहीं है. हां, मेकर्स ने मुझे अप्रोच किया था, पर मुझे लगा कि ये रोल मुझे सूट नहीं करता है. मजा नहीं आया. पर सच कहूं तो स्क्रिप्ट काफी अच्छी है. मैं काफी इम्प्रेस हुआ था. स्क्रिप्ट जितनी भी अच्छी हो जब तक आपका रोल उसमें अच्छा नहीं तो कोई फायदा नहीं.

## Highlights

1. What are the negative effects of cloud seeding?

2. Cubbon Park nature walks thrive, Lalbagh tour delayed in B'luru

3. India releases stamp designed by students for UN@80 celebration

4. Karnataka HC reserves order on Yediyurappa's plea in POCSO case

5. Daughters cannot inherit property ff their father died before 1956: Chhattisgarh High Court

6. 10.9 kg 'chitta' seized in Himachal Pradesh over nine months

# Reliance Industries says will abide by Europe, US sanctions on Russia

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries, India's biggest importer of Russian crude oil, will abide by western sanctions against Moscow, while maintaining its relationship with its current supplies.

"As is customary in the industry, supply contracts evolve to reflect changing market and regulatory conditions. Reliance will address these conditions while maintaining the relationships with its suppliers," a spokesperson for India's biggest firm by market cap, told Reuters in an emailed statement on Friday (25 October 2025), without mentioning its contract with Rosneft—one of the two Russian oil producers slapped with fresh sanctions.

The European Union, United Kingdom and the United States have imposed a raft of sanctions against Russia over its war in Ukraine, including fresh US sanctions targeting Russia's two top oil producers Lukoil and Rosneft. The US has given companies until 21 November to wind down their transactions with the Russian oil producers.




The EU, which has previously said that from 21 January it will not take fuel produced at refineries that received or processed Russian oil 60 days prior to bill of lading date, adopted a 19th package of sanctions on Thursday.

Billionaire Mukesh Ambani-controlled RIL, which operates the world's biggest refining complex at Jamnagar, Gujarat, has a long-term deal to buy nearly 500,000 barrels per day of crude oil from Rosneft.

The company, which also buys Russian oil through intermediaries, said that its diversified crude oil purchases will help it navigate European sanctions without specifying if it would halt purchases of Russian oil for its Jamnagar refinery.

"Reliance is confident that its time-tested, diversified crude sourcing strategy will continue to ensure stability and reliability in its refinery operations for meeting the domestic and export requirements, including to Europe," the spokesperson told Reuters in the email.

On Friday, RIL shares rose 0.23% to ₹1451.45 apiece on the BSE even as the benchmark Sensex ended the day 0.41% lower at 84,211.88 points.

# SEBI is said to bar mutual funds from investing in pre-IPO placements

**NEW DEIHI, (Agency).** India's market regulator has told mutual fund managers they cannot invest in companies before they list, Reuters reported on Friday, citing sources.

Certain mutual funds had sought clarifications from Securities and Exchange Board of India, or SEBI, as to whether pre-IPO placements qualify as eligible investments. But the regulator said only investments during the official IPO process are allowed, including large, early-stage anchor investments.




SEBI did not immediately respond to an emailed request from Reuters.

A pre-IPO placement is a private sale of shares to select investors before the company officially launches its listing. In India, alternative investment funds and foreign investors are typically allowed to buy these shares.

Indian companies are set to raise a record $18.5 billion this year, making India the third-largest country globally in terms of funds raised via initial public offerings. Mutual funds manage ₹75.61 lakh crore ($860.23 billion) and are mostly targeted at retail investors.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.



# WHO AM I?
# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक